# राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला

## जिला मण्डी, हिमाचल प्रदेश

## 15वाँ वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह

### मुख्य अतिथि

# श्री कौल सिंह ठाकुर

## पूर्व मंत्री

## वार्षिक प्रतिवेदन 2022–23

दिनाँक : 22 मार्च, 2023

प्रस्तुति : श्रीमती बंदना वैद्य
प्राचार्या

# राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला, जिला मण्डी, हिमाचल प्रदेश
# वार्षिक प्रतिवेदन
# सत्र : 2022–2023

मान्यवर,

आज राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला अपना 15 वाँ वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित कर रहा है। आप सभी का यहाँ पर मैं समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करती हूँ। यह हमारे लिए अत्यन्त हर्ष का विषय है कि इस समारोह के मुख्य–अतिथि के रूप में हमारे मध्य पूर्व मंत्री परम आदरणीय ठाकुर कौल सिंह जी विराजमान है।

महाविद्यालय परिवार आप जैसे महानुभाव को मुख्य–अतिथि के रूप में अपने मध्य उपस्थित पाकर अपने आपको गौरवान्वित अनुभव कर रहा है। माननीय मुख्य–अतिथि महोदय की कर्मठता, समर्पण एवं समाज सेवा से हम सभी परिचित हैं। आप का जन्म 23 नवम्बर, 1945 को सांवल, मंडी में हुआ। आप ने स्नातक की शिक्षा वल्लभ महाविद्यालय मंडी से तथा LLB की शिक्षा पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ से पूर्ण की। छात्र जीवन में आप NCC में Senior Officer रहे तथा सन् 1967 में गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। सन् 1977 में द्रंग विधान सभा क्षेत्र से पहली बार विजय शंखनाद करते हुए राजनीतिक क्षेत्र में पदार्पण किया तथा आठ बार इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। इस दौरान आप विभिन्न पदों जैसे– उपाध्यक्ष, राज्य योजना बोर्ड (1983); राज्य मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, संसदीय कार्य तथा विधि (1985–90); अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश विधान सभा (1993–98); जन स्वास्थ्य एवं सिंचाई, कानून एवं न्याय, शहरी विकास तथा संसदीय कार्य मंत्री (2003–2007); स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, राजस्व तथा विधि मन्त्री (2012–2017) पर आसीन रहे।

हमारे मध्य उपस्थित अभिभावक, शिक्षक–अभिभावक संघ के सदस्य, पूर्व छात्र संघ के सदस्य, गणमान्य व्यक्ति तथा पत्रकार बन्धु, मैं आप सभी का हार्दिक स्वागत व एवं अभिनन्दन करती हूँ।

घोघर धार के आँचल में बसा, हिमरी गंगा के चरणों में स्थित सुरम्य घाटियों से घिरा महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला वर्ष 2006 में अस्तित्व में आया। इस महाविद्यालय की स्थापना से पहाडी क्षेत्रों की उन्नति एवं समृद्धि के रास्ते खुले हैं। महाविद्यालय अपने गौरवमय इतिहास के लगभग दो दशक पूर्ण कर चुका है और शैशव से बाल्यावस्था की ओर अग्रसर हो रहा है। आपके अथक प्रयत्नों से ही इस महाविद्यालय की संस्थापना हो सकी है तथा भविष्य में भी इस संस्था के विकास व उत्कर्ष के लिए आपका मार्गदर्शन रहे, हम सब की यही कामना है।

महोदय, मैं इस सत्र का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने की अनुमति चाहती हूँ।

## प्रवेश विवरणः–

वर्तमान शैक्षणिक–सत्र 2022–2023 में महाविद्यालय में कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकायों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में कक्षाएं चल रही हैं जिसमें विद्यार्थियों की कुल संख्या 584 है। जिसमें 251 छात्र तथा 333 छात्राएं हैं, जिनका विस्तृत विवरण इस प्रकार हैः–

| कक्षा | छात्र | छात्राएं | कुल |
|---|---|---|---|
| बी०ए० प्रथम वर्ष | 84 | 105 | 189 |
| बी०ए० द्वितीय वर्ष | 73 | 94 | 167 |
| बी०ए० तृतीय वर्ष | 45 | 82 | 127 |
| बी०एस०सी० प्रथम वर्ष | 16 | 14 | 30 |
| बी०एस०सी० द्वितीय वर्ष | 19 | 16 | 35 |
| बी०एस०सी० तृतीय वर्ष | 09 | 15 | 24 |
| बी० कॉम० प्रथम वर्ष | 02 | 03 | 05 |
| बी० कॉम० द्वितीय वर्ष | 01 | 02 | 03 |
| बी० कॉम० तृतीय वर्ष | 02 | 02 | 04 |
| **कुल योग** | **251** | **333** | **584** |

## कर्मचारियों की स्थिति

**शिक्षक वर्गः—** महाविद्यालय के विभिन्न संकायो में शिक्षक वर्ग के 18 पद सृजित हैं, जिसमें 17 प्राध्यापक अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

**गैर शिक्षक वर्ग**ः— गैर शिक्षक वर्ग में 31 पद सृजित हैं, जिनमें 18 पदों पर कर्मचारी अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

**रिक्तियाँः—** महाविद्यालय में प्राध्यापक का 01 पद, पुस्तकालय स्टाफ में 03, प्रयोगशाला स्टाफ में 06 (वरिष्ठ प्रवक्ता सहायक के 02 तथा कनिष्ठ प्रवक्ता सहायक के 04), संगीत विभाग में तबला अनुदेशक का 01, स्टोर कीपर का 01 तथा सफाई कर्मचारी के 02 पद रिक्त हैं। इस तरह कुल 14 पद खाली चल रहे हैं। रिक्तियों का विस्तृत विवरण तालिका द्वारा स्पष्ट किया गया हैः—

## शिक्षक वर्गः—

| क0 स0 | विषय | स्वीकृत पद | भरे हुए पद | | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | नियमित | अनुबन्ध | |
| 1 | प्राचार्य | 01 | 01 | . | . |
| 2 | अंग्रेजी | 02 | 01 | . | 01 |
| 3 | हिन्दी | 01 | 01 | . | . |
| 4 | राजनीतिशास्त्र | 01 | 01 | . | . |
| 5 | समाजशास्त्र | 01 | 01 | . | . |
| 6 | भूगोल | 01 | 01 | . | . |
| 7 | संगीत (स्वर) | 01 | 01 | . | . |
| 8 | अर्थशास्त्र | 01 | 01 | . | . |
| 9 | इतिहास | 01 | 01 | . | . |
| 10 | गणित | 01 | 01 | . | . |
| 11 | वाणिज्य | 02 | 02 | . | . |
| 12 | भौतिक विज्ञान | 02 | 02 | . | . |
| 13 | रसायन विज्ञान | 02 | 02 | . | . |
| 14 | वनस्पति विज्ञान | 01 | 01 | . | . |
| 15 | प्राणी विज्ञान | 01 | 01 | . | . |
| **कुल** | | **19** | **18** | | **01** |

## गैर शिक्षक वर्गः–

| क्र0 स0 | विषय | स्वीकृत पद | भरे हुए पद | | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | नियमित | अनुबन्ध | |
| 1 | अधीक्षक ग्रेड–I | 01 | 01 | . | |
| 2 | अधीक्षक ग्रेड–II | 01 | 01 | . | . |
| 3 | वरिष्ठ सहायक | 01 | 01 | . | . |
| 4 | लिपिक | 01 | 01 | . | . |
| 5 | कनिष्ठ ऑफिस सहायक (सूचना प्रौद्योगिकी) | 02 | . | 02. | . |
| 6 | स्टोर किप्पर | 01 | . | . | 01 |
| 7 | पुस्तकालयध्यक्ष | 01 | . | . | 01 |
| 8 | सहायक पुस्तकालयध्यक्ष | 01 | 01 | . | . |
| 9 | पुस्तकालय परिचर | 01 | . | . | 01 |
| 10 | पुस्तकालय संरक्षक | 01 | . | . | 01 |
| 11 | व0 प्रवक्ता सहायक | 02 | . | . | 02 |
| 12 | क0 प्रवक्ता सहायक | 04 | . | . | 04 |
| 13 | प्रयोगशाला परिचर | 05 | 05 | . | . |
| 14 | तवला वादक | 01 | . | . | 01 |
| 15 | सेवादार | 06 | 06 | . | . |
| 16 | सफाई कर्मचारी | 02 | . | . | 02 |
| **कुल** | | **31** | **16** | **02** | **13** |
| **कुल (1+2)** | | **50** | **34** | **02** | **14** |

## स्थानान्तरणः–

**महाविद्यालय में सम्मिलित नए सदस्य :–**

प्राचार्या बन्दना वैद्य राजकीय महाविद्यालय जुखाला से इस महाविद्यालय में शामिल हुई। शिक्षक वर्ग में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ० चेतना शर्मा (प्राणी विज्ञान), असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ० देस राज (अर्थशास्त्र), असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ० आशा सिंह (गणित), एसोसिएट प्रोफेसर देविका वैद्य, असिस्टेंट प्रोफेसर नीरज शर्मा तथा असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ० पूनम चौधरी (रसायन विज्ञान), एसोसिएट प्रोफेसर डॉ० संजय सहगल (भूगोल), असिस्टेंट प्रोफेसर हुकम चन्द (प्राणी विज्ञान) तथा एसोसिएट प्रोफेसर निशा वैद्य (भौतिक विज्ञान) महाविद्यालय में सम्मिलित हुए।

गैर शिक्षक वर्ग में श्री राम प्रकाश अधीक्षक ग्रेड–I, श्री जगदीश चन्द अधीक्षक ग्रेड–II, श्रीमती सुशीला सहायक पुस्तकालयध्यक्ष, श्री भीमी राम वरिष्ठ प्रवक्ता सहायक, श्री देवी सिंह तथा श्री बलदेव प्रयोगशाला सहायक, श्री देश राज, श्री शान्ता कुमार, श्री रविन्द्र कुमार तथा श्रीमती सरला देवी सेवादार महाविद्यालय परिवार में सम्मिलित हुए।

**स्थानान्तरित सदस्यः–** शिक्षक वर्ग में असिस्टेंट प्रोफेसर हुकम चन्द (प्राणी विज्ञान), असिस्टेंट प्रोफेसर भेद राम (अर्थशास्त्र), एसोसिएट प्रोफेसर डॉ० संजय शर्मा (गणित), असिस्टेंट प्रोफेसर शिखा कपूर (अंग्रेजी), असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ० संजय कुमार तथा एसोसिएट प्रोफेसर देविका वैद्य (रसायन विज्ञान), एसोसिएट प्रोफेसर डॉ० प्रदीप कुमार (भूगोल), असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ० चेतना शर्मा (प्राणी विज्ञान), असिस्टेंट प्रोफेसर याचना शर्मा (भौतिक विज्ञान) इस सत्र में महाविद्यालय से स्थानान्तरित हुए। गैर शिक्षक वर्ग में श्री सिद्धू राम अधीक्षक ग्रेड–II, श्री भीमी राम वरिष्ठ प्रवक्ता सहायक, श्री चन्द्र चौहान सहायक पुस्तकालयध्यक्ष, श्री सुन्दर दास प्रयोगशाला सहायक, श्री बिशन दास सेवादार का महाविद्यालय से स्थानान्तरण हुआ।

**पदोन्नति गैर शिक्षक वर्ग**:– श्री ईश्वर दास, श्रीमती गीता देवी तथा श्री शान्ता कुमार सेवादार पद से पदोन्नत होकर प्रयोगशाला सहायक के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

**शैक्षणिक परिणाम :–** इस सत्र में महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा।

| संकाय | कक्षा | नाम | श्रेणी |
|---|---|---|---|
| कला संकाय (Arts) | प्रथम वर्ष (1st Year) | जगदीश | प्रथम |
| | | करिश्मा | द्वितीय |
| | | अमीषा ठाकुर | तृतीय |
| विज्ञान संकाय (Science) | प्रथम वर्ष (1st Year) | चिराग | प्रथम |
| | | मानसी ठाकुर | द्वितीय |
| | | दीपक | तृतीय |
| वाणिज्य संकाय (Commerce) | प्रथम वर्ष (1st Year) | शिवांगी | प्रथम |
| | | विपना | द्वितीय |
| | | रीतेश | तृतीय |
| कला संकाय (Arts) | द्वितीय वर्ष (2nd Year) | सुनीता कुमारी | प्रथम |
| | | प्रिया | द्वितीय |
| | | कनिका देवी | तृतीय |
| विज्ञान संकाय (Science) | द्वितीय वर्ष (2nd Year) | रक्षा | प्रथम |
| | | कामिनी | द्वितीय |
| | | अभिषेक ठाकुर | तृतीय |
| वाणिज्य संकाय (Commerce) | द्वितीय वर्ष (2nd Year) | परीक्षित | प्रथम |
| | | पूजा कुमारी | द्वितीय |
| | | सुनीता देवी | तृतीय |
| कला संकाय (Arts) | तृतीय वर्ष (3rd Year) | अंकिता | प्रथम |
| | | शिवानी | द्वितीय |
| | | कशिश | तृतीय |
| विज्ञान संकाय (Science) | तृतीय वर्ष (3rd Year) | देवांशी | प्रथम |
| | | प्रीति ठाकुर | द्वितीय |
| | | पूजा | तृतीय |
| वाणिज्य संकाय (Commerce) | तृतीय वर्ष (3rd Year) | सपना | प्रथम |
| | | पल्लवी वर्मा | द्वितीय |
| | | कर्ण ठाकुर | तृतीय |

## केन्द्रीय छात्र परिषद (CSCA) :–

इस सत्र में सरदार पटेल विश्वविद्यालय मण्डी (हि०प्र०) द्वारा निर्दिष्ट दिशा–निर्देशों के अनुसार शैक्षणिक वरीयता क्रम के आधार पर केन्द्रीय छात्र परिषद् का मनोनयन किया गया। 30 नवम्बर, 2022 को प्राचार्या बंदना वैद्य की अध्यक्षता में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। मन्नोनीत सदस्यों का विवरण इस प्रकार से है:–

| पदाधिकारी | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क्र०स०** | **पद** | **नाम** | **कक्षा** | **अनुक्रमांक** |
| 1. | अध्यक्ष | रक्षा | बी०एस०सी० तृतीय | 2200270021 |
| 2. | उप–अध्यक्ष | सुनिता कुमारी | बी०ए० तृतीय | 1200270134 |
| 3. | सचिव | रीतेश | बी० कॉम० द्वितीय | 3210270001 |
| 4. | सयुंक्त सचिव | कविता | बी०ए० प्रथम | 22HIS004 |
| **सदस्य** | | | | |
| 1. | सदस्य | परीक्षित | बी० कॉम० तृतीय | 3200270001 |
| 2. | सदस्य | नितिन वर्मा | बी०ए० द्वितीय | 1210270100 |
| 3. | सदस्य | मानसी ठाकुर | बी०एस०सी० द्वितीय | 2210270017 |
| 4. | सदस्य | सुनाक्षी | बी०एस०सी० प्रथम | 22BSM001 |
| 5. | सदस्य | रचना कुमारी | बी० कॉम० प्रथम | 22BCM003 |
| **सदस्य अन्य श्रेणियों से** | | | | |
| 1. | सदस्य (NCC) | रीतिका कुमारी | बी०एस०सी० तृतीय | 2200270025 |
| 2. | सदस्य (NCC) | कनिका | बी०ए० तृतीय | 1200270053 |
| 3. | सदस्य (NSS) | सीमिका ठाकुर | बी०ए० तृतीय | 1200270126 |
| 4. | सदस्य (NSS) | अभिषेक ठाकुर | बी०ए० तृतीय | 1200270007 |
| 5. | सदस्य (ROVER) | अभय ठाकुर | बी०ए० तृतीय | 1200560012 |
| 6. | सदस्य (RANGER) | सुमन | बी०एस०सी० तृतीय | 2200270030 |
| 7. | सदस्य (Cultural) | सोनिया | बी०ए० तृतीय | 1200270127 |
| 8. | सदस्य (Cultural) | संजय कुमार | बी०ए० द्वितीय | 1210270145 |
| 9. | सदस्य (Sports) | सूरज | बी०ए० तृतीय | 1200270135 |
| 10. | सदस्य (Sports) | अंकिता | बी०ए० प्रथम | 22HIS018 |
| 11. | सदस्य (Red Ribbon Club) | कामिनी | बी०एस०सी० तृतीय | 2200270012 |
| 12. | सदस्य (Eco Club) | नेहा | बी०एस०सी० द्वितीय | 2210270018 |

**अभिभावक शिक्षक संघ (Parents Teachers Association):–**

03 अक्तूबर, 2022 को महाविद्यालय में अभिभावक शिक्षक संघ (PTA) की कार्यकारिणी का गठन, प्राचार्या बन्दना वैद्य की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में निम्नलिखित पदाधिकारी चुने गयेः–

| **कम संख्या** | **पद** | **नम** |
|---|---|---|
| 1 | प्रधान | श्री कपूर चन्द |
| 2 | उप–प्रधान | श्रीमती नीमा देवी |
| 3 | सचिव | डॉ० कल्याण चन्द मंढोत्रा |
| 4 | सह–सचिव | श्री पूर्ण चन्द |
| 5 | कोषाध्यक्ष | श्री सुन्दर सिंह |
| 7 | सदस्य | प्रो० आशा कुमारी |
| 8 | सदस्य | प्रो० चन्द्र पाल |
| 9 | सदस्य | डॉ० अनुपम बाहरी |

**PTA FUND** से एक सफाई कर्मचारी की सेवाएं ली जा रही है।

**भूतपूर्व छात्र संघ (Old Students Association) :–**

**महाविद्यालय में पूर्व छात्र संघ (OSA) की कार्यकारिणी का गठन किया है। इसके सदस्य इस प्रकार हैः–**

| | |
|---|---|
| **प्रधान** | **श्री भूवनेश्वर** |
| **उप–प्रधान** | **श्री चंद्रशेखर** |
| **सचिव** | **श्री नितिन कुमार** |
| **कोषाध्यक्ष** | **श्री सोम दत्त** |

## छात्रवृत्तियाँ :–

## इस सत्र में वितरित छात्रवृत्तियों का विवरण इस प्रकार हैः–

| क्रम संख्या | छात्रवृति | छात्र संख्या |
|---|---|---|
| 1 | अनुसूचित जाति | 11 |
| 2 | अनुसूचित जनजाति | 10 |
| 3 | ओ०बी०सी० | 23 |
| 4 | मुख्यमंत्री विद्यार्थी कल्याण योजना | 05 |
| 5 | कल्पना चावला | 05 |
| 6 | आर्थिक पिछड़ी जाति (प्रधानमंत्री यशस्वी) | 18 |
| 7 | महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए केंद्रीय क्षेत्र की छात्रवृत्ति योजना | 18 |
| 8 | दसवीं के बाद विकलांग छात्रों के लिए छात्रवृत्ति | 01 |

## पुस्तकालय :–

पुस्तकालय किसी भी शिक्षण संस्थान की मुख्य सम्पति होती है। महाविद्यालय में विभिन्न विषयों की कुल 3512 बहुमुल्य पुस्तकें हैं। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों के ज्ञानवर्द्धन के लिए चार दैनिक समाचार पत्र, चार मासिक पत्रिकाएं तथा एक जर्नल उपलब्ध हैं। पुस्तकालय के आधुनिकीकरण के लिए SOUL सॉफटवेयर उपलब्ध है। हमारे महाविद्यालय में पुस्तकालय स्वचालन का कार्य चल रहा है जिससे पाठकों को कम समय में सही सूचना प्रदान की जायेगी। महाविद्यालय द्वारा छात्रों के हित को देखते हुए प्रतिवर्ष प्राध्यापकों के सुझाव पर पुस्तकालय हेतु पुस्तकें क्रय की जाती हैं।

## युवा समारोह :–

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित युवा समारोह ग्रुप–III में महाविद्यालय की 12 छात्राओं ने डॉ० कल्याण चन्द मंढोत्रा एवं प्रो० नीलम के नेतृत्व में दिनांक 02 दिसम्बर से 04 दिसम्बर, 2022 तक राजकीय वल्लभ महाविद्यालय, मण्डी में भाग लिया। डॉ० कल्याण चन्द मंढोत्रा एवं प्रो० आशा कुमारी द्वारा निर्देशित 'भारतीय नाटी लोकनृत्य' में हमारे महाविद्यालय ने सराहनीय प्रर्दशन किया।

## महिला प्रकोष्ठ (Women Cell) :—

- महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी प्रो० निशा वैद्य है। महाविद्यालय में 09 मार्च, 2023 को महिला प्रकोष्ठ द्वारा 'अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस' का आयोजन किया गया। इस वर्ष महिला दिवस की थीम 'समानता को अपनाना' है। इस अवसर पर डॉ० शैली ठाकुर (सिविल अस्पताल पधर ) मुख्य—अतिथि रहीं। उन्होंने छात्राओं को मासिक धर्म से सम्बंधित जानकारी प्रदान की तथा शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक स्वास्थ्य के बारे में भी बताया। तत्पश्चात हेल्थ एजुकेटर श्रीमती उर्मिला जी ने 'विश्व गुर्दा दिवस' पर गुर्दे को स्वस्थ रखने के उपाय बताए तथा गुर्दे को दान करने के लिए प्रेरित किया।

## जीविका परामर्श प्रकोष्ठ (Career Counseling Cell) :—

महाविद्यालय में विद्यार्थियों के भविष्य को सकारात्मक दिशा देने हेतु जीविका परामर्श प्रकोष्ठ का गठन किया गया है जिसकी समन्वयक प्रो० निशा वैद्य है।

- 26 अगस्त, 2022 को कैरियर काउंसलिंग के तहत श्री भूपेश कुमार (सीटीईएफएल/टीईएस ओएल ट्रेनर विस्ता एजुकेशनल ट्रेनिंग इसटीट्युट सुंदरनगर) ने अंग्रेजी भाषा में संचार के दौरान छात्रों के सामने आने वाली बाधाओं व उनके निवारण के बारे में जानकारी दी।
- 22 फरवरी, 2023 को कैरियर काउंसलिंग सेल के कार्यक्रम में प्रो० चंद्रपाल द्वारा विद्यार्थियों को भारत सरकार की तरफ से जारी उत्तर—पश्चिमी क्षेत्र के कर्मचारी चयन आयोग द्वारा विभिन्न प्रकार की आगामी परिक्षाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## खेलकूद :—

महाविद्यालय में खेलकूद प्रभारी डा० नीरज शर्मा है।

- 29 अगस्त, 2022 को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चन्द के जन्मोत्सव और 'राष्ट्रीय खेल दिवस' के अवसर पर महाविद्यालय में क्रॉस कंट्री रेस का आयोजन किया गया जिसमें छात्र—छात्राओं ने बढ—चढकर भाग लिया।
- 08 सितम्बर, 2022 को महाविद्यालय के 11 छात्र—छात्राओं ने राजकीय महाविद्यालय हरिपुरधार, मनाली में टीम प्रभारी डॉ० नीरज शर्मा और प्रो० नीलम के नेतृत्व में इंटर—कॉलेज क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में भाग लिया।
- 19 से 21 सिम्तबर, 2022 को महाविद्यालय के 12 छात्रों ने राजकीय संस्कृत महाविद्यालय, सुंदरनगर में टीम प्रभारी डॉ० आशा सिंह के नेतृत्व में इंटर—कॉलेज खो—खो प्रतियोगिता में भाग लिया।
- 18 से 21 अक्तूबर, 2022 को महाविद्यालय के 06 छात्र—छात्राओं ने इंदिरा गांधी खेल परिसर, शिमला में टीम प्रभारी प्रो० हुकम चन्द के नेतृत्व मे इंटर—कॉलेज शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया।
- 14 से 16 दिसम्बर, 2022 को महाविद्यालय के 03 छात्रों ने राजकीय महाविद्यालय दौलतपूर चौक, उना में टीम प्रभारी डॉ० अनुपम बाहरी के नेतृत्व में इंटर—कॉलेज शतरंज प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें बी०ए० द्वितीय वर्ष के आदित्य यादव को इंटर—युनिवर्सिटी शतरंज टीम के लिए चयनित किया गया।
- 25 फरवरी, 2023 को महाविद्यालय में वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं जैसे 100, 200, 800 और 5000 मीटर दौड़, लॉन्ग जम्प, शॉट पुट, डिसकस
- थ्रो और जेवलिन थ्रो शामिल थे। इन प्रतियोगिताओं में छात्र—छा़त्राओं ने बढ—चढकर भाग लिया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) :–

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रो० सुरेश कुमार के नेतृत्व में कार्यरत है। इस वर्ष NSS में 100 स्वयंसेवी पंजीकृत हैं।

- 24 सितम्बर, 2022 को स्वयंसेवकों द्वारा 'NSS स्थापना दिवस' के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।
- 02 अक्तूबर, 2022 को 'गाँधी जयंती' के अवसर पर 'स्वच्छ भारत अभियान' के तहत महाविद्यालय में आयोजित 'Ceanliness Drive' में स्वयंसेवकों ने भाग लिया।
- 20 अक्तूबर, 2022 को स्वयंसेवकों द्वारा 'प्लास्टिक स्वच्छता अभियान' का आयोजन किया तथा महाविद्यालय परिसर को प्लास्टिक मुक्त किया गया।

## भारत स्काउट एण्ड गाइड (Bharat Scout and Guide) :–

इस सत्र में रोवर्स एवं रेन्जर इकाई डॉ० देस राज और डॉ० दीपाली के नेतृत्व में कार्य कर रही है। इसमें 24 रोवर्स व 24 रेन्जर पंजीकृत हैं।

- 31 अगस्त से 04 सितम्बर, 2022 तक राज्य स्तरीय प्रशिक्षण केन्द्र रिवालसर में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय निपुण टैस्टिंग कैंप में 03 रोवर्स और 04 रेंजर स्वयंसेवियों ने भाग लिया।
- 21 सितम्बर, 2021 को रोवर्स एवं रेंजर इकाई द्वारा महाविद्यालय में आयोजित 'दीक्षा संस्कार' समारोह के अन्तर्गत प्रवेश स्तर पर 19 रोवर्स व 21 रेंजर को शामिल किया तथा शपथ दिलाई।
- 29 सितम्बर से 03 अक्तूबर, 2022 तक राज्य स्तरीय प्रशिक्षण केंन्द्र रिवालसर में आयोजित राज्य स्तरीय पथप्रदर्शक कार्यशाला में 06 रोवर्स स्वयंसेवियों ने भाग लिया तथा 08 अक्तूबर, 2022 को महाविद्यालय स्तर पर कार्यशाला का आयोजन कर अनुभव साँझा किया।
- 14 से 18 अक्तूबर, 2022 को रोवर्स एवं रेंजर स्वयंसेवियों ने शिवालिक पब्लिक स्कूल पंजेरा में 'राज्य स्तरीय आत्मरक्षा कैंप' में भाग लिया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी रोवर्स एण्ड रेंजर ने स्वच्छता रैली निकाली व नमामि गंगे कार्यक्रम के अन्तर्गत जल स्त्रोतों की सफाई की।
- 17 से 21 नवम्बर, 2022 तक प्रारंभिक गणतंत्र दिवस शिविर (Pre R.D.C) के लिए चयन कार्यक्रम का आयोजन राज्य स्तरीय प्रशिक्षण केन्द्र रिवालसर में किया गया। इस कैंप में महाविद्यालय के 05 रेंजर स्वयंसेवियों का चयन Pre R.D.C के लिए हुआ।
- 12 दिसम्बर, 2022 को रोवर्स व रेंजर स्वयंसेवियों ने 'नशा मुक्ति अभियान ' के अन्तर्गत महाविद्यालय में रैली का आयोजन किया। जिसमें सभी विद्यार्थियों व लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया।
- 21 से 27 दिसम्बर, 2022 तक महाविद्यालय के 03 रोवर्स (अभय, अक्षय तथा परीक्षित) व 03 रेंजर (रक्षा, सुमन तथा अरक्षिता) ने रेंजर लीडर डा० दीपाली अशोक के नेतृत्व में 'अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक जंबूरी' – कर्नाटक (मूडबिद्री) में भाग लियझं
- 18 जनवरी से 27 जनवरी, 2023 तक हिमाचल प्रदेश गणतंत्र दिवस शिविर का आयोजन राजकीय महाविद्यालय कोटशेरा में किया गया। जिसमें महाविद्यालय की तीन रेंजर मुस्कान, प्रिया चौहान तथा मोनिका ने भाग लिया।

## राष्ट्रीय कैडट कोर (NCC) :–

महाविद्यालय में NCC प्रो० नीलम के नेतृत्व में चल रही है। जिसमें 27 कैडेट SD तथा 19 कैडेट SW पंजीकृत है।

- 05 जून, 2022 को 'विश्व पर्यावरण दिवस' के अवसर पर NCC इकाई द्वारा 'Only One Earth' नामक थीम पर विभिन्न ऑनलाइन गतिविधियों का आयोजन किया गया।
- 26 जून, 2022 को NCC इकाई द्वारा नशीली दवाओं के दुरूपयोग और अवैद्य तस्करी के खिलाफ अंतराष्ट्रीय दिवस मनाया। इसमें 25 NCC कैडेट्स ने 'Say yes to Life, No to Drugs' थीम पर विभिन्न ऑनलाइन गतिविधियों में भाग लिया।
- 26 जुलाई, 2022 NCC इकाई द्वारा 'कारगिल विजय दिवस' पर शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।
- 16 अगस्त से 30 अगस्त, 2022 तक सीनियर अंडर ऑफिसर विक्रम ठाकुर ने 1/1GR बटालियन मैकलोडगंज धर्मशाला में 'सशस्त्र सेना सलंग्न शिविर' में भाग लिया।
- 20 अगस्त से 23 अगस्त, 2022 तक कैडेट यश ठाकुर ने मलोट में आयोजित 'बुनियादी नेतृत्व शिविर' में तथा 07 सितम्बर से 18 सितम्बर तक मलोट में ही 'उन्नत नेतृत्व शिविर' में भाग लिया।
- 05 नवम्बर से 12 नवम्बर, 2022 तक SW कैडेट कनिका ठाकुर ने प्री RDC-1 में भाग लिया तथा 13 नवम्बर से 19 नवम्बर, 2022 तक प्री RDC-II में भाग लिया।
- 02 नवम्बर, 2022 को महाविद्यालय में NCC रैंक सैरेमनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में NCC कैडेट्स को अलग–अलग रैंक दिए गए।
- 22 नवम्बर से 29 नवम्बर, 2022 तक 2HP BN NCC मण्डी द्वारा आयोजित ट्रांजिट कैंप 239 पंडोह में महाविद्यालय के 26 कैडेटस ने भाग लिया। इस शिविर में आयोजित टेंट पिचिंग प्रतियोगिता में S.W. कैडेटस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- 26 नवम्बर, 2022 को 'कारगिल विजय दिवस' के अवसर पर NCC कैडेट्स ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए भारतीय वीरों को श्रद्धाजंलि दी तथा देशभक्ति पर आधारित चलचित्र के माध्यम से राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत किया।
- 26 जनवरी, 2023 को महाविद्यालय के 15 NCC कैडेट्स ने 'गणतन्त्र दिवस' के अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, पधर में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया और राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी तथा समूह–गान प्रस्तुत किया।

## इको क्लब (Eco Club) :–

इको क्लब के प्रभारी प्रो० हुकम चन्द है। इको क्लब में 18 स्वयंसेवी पंजीकृत हैं।

- 05 जून, 2022 को 'विश्व पर्यावरण दिवस' के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के 50 पौधे लगाए गए तथा ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया।
- 11 दिसम्बर, 2022 को महाविद्यालय के सौन्दर्य को बढाने के लिए इको क्लब के स्वयंसेवियो ने तरह–तरह के सजावटी फूल लगाए।
- 21 फरवरी, 2023 को महाविद्यालय में गार्बेज (प्लास्टिक) प्रदूषण पर जागरूकता अभियान के अन्तर्गत इको क्लब के स्वयंसेवियो ने पोस्टरों के माध्यम से प्लास्टिक के निपटान का संदेश दिया।
- 28 फरवरी, 2023 को महाविद्यालय में आयोजित 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' के अवसर पर इको क्लब के स्वयंसेवियों ने प्रश्नोत्तरी, रंगोली, पोस्टर मेकिंग तथा उपकरण प्रदर्शनी में भाग लिया।

## रेड रिबन क्लब (Red Ribbon Club) :–

महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब की नोडल अधिकारी प्रो० आशा कुमारी है।

- 12 अगस्त, 2022 को महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब के द्वारा HIV युवा जागरुकता अभियान के अन्तर्गत 'अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण विडियो, भाषण प्रतियोगिता एंव रैली के माध्यम से विद्यार्थियों को HIV/AIDS, रक्तदान, ड्रग एब्यूज जैसे गंभीर विषयों के बारे में जागरूक किया गया।
- 29 सितम्बर, 2022 को प्रो० आशा कुमारी ने तीन छात्राओं के साथ हिमाचल प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी द्वारा जोनल अस्पताल मंडी में आयोजित 'अभिविन्यास कार्यक्रम और एक्सपोजर विजिट' में भाग लिया।
- 12 अक्तूबर, 2022 को हिमाचल प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी द्वारा Red Ribbon Clubs के मध्य जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के बीएससी तृतीय वर्ष के विद्यार्थी कामिनी व पोमेश कान्त ने हिस्सा लिया और मंडी जिला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। तत्पश्चात शिमला में आयोजित राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में नोड़ल अधिकारी प्रों० आशा कुमारी के मार्गदर्शन में कामिनी व पोमेश कान्त ने मंडी जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए सराहनीय प्रदर्शन किया।
- 01 दिसम्बर, 2022 को रेड रिबन क्लब द्वारा महाविद्यालय में 'World AIDS Day' मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियों जैसे नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिताओं तथा रैली का आयोजन करके विद्यार्थियों को HIV/AIDS, रक्तदान, ड्रग एब्यूज, किशोर स्वास्थ्य जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया गया।

## सड़क सुरक्षा क्लब (Road Safety Club) :—

सड़क सुरक्षा क्लब की नोडल अधिकारी डा० दीपाली अशोक है।

- 11 दिसम्बर, 2022 को सड़क सुरक्षा क्लब के स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय में सड़क जागरूकता अभियान चलाया। जिसमें सड़क सुरक्षा से सम्बंधित पर्चे महाविद्यालय व आस पास के गाँव के लोगों में बाटें।
- 12 दिसम्बर, 2022 को महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा क्लब स्वयंसेवियों ने रैली के माध्यम से सभी को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया।
- 27 फरवरी से 15 मार्च, 2023 तक आयोजित 'सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान' के अन्तर्गत 27 फरवरी को चित्रकला एवं नारा लेखन तथा 04 मार्च को पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता, मॉडल, निबंध लेखन और नुक्कड़ नाटक जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया। 15 मार्च को श्री राज कुमार (ASI पधर) ने मोटर वाहन अधिनियम तथा श्री विजय कुमार (सिविल अस्पताल पधर) ने CPR का प्रशिक्षण एवं प्राथमिक चिकित्सा के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।
- 18 मार्च, 2023 को सड़क सुरक्षा जगरूकता कार्यक्रमों में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्य—अतिथि श्री सुरजीत सिंह (उप—मंडलाधिकारी, पधर) ने पुरस्कार वितरित किये।

## डॉ० अब्दुल कलाम विज्ञान समिति :–

- 29 दिसम्बर, 2022 को महाविद्यालय में 'राष्ट्रीय गणित दिवस' मनाया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तथा गणित विषय पर आधारित प्रहसन (Skit) में हिस्सा लिया।
- महान भारतीय वैज्ञानिक डा० सी० वी० रमन द्वारा की गई विश्व चर्चित 'रमन प्रभाव' के अवसर पर 28 फरवरी, 2023 को महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला में 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' मनाया गया। जिसमें विभिन्न गतिविधियों जैसे–प्रश्नोत्तरी, रंगोली, पोस्टर मेकिंग तथा उपकरण प्रदर्शन के माध्यम से विद्यार्थियों ने विज्ञान के महत्त्व पर प्रकाश डाला।
- 28 फरवरी, 2023 को 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' के अवसर पर सरदार पटेल विश्वविद्यालय मण्डी में आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में महाविद्यालय के तीन विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## अन्य गतिविधियाँ :–

- 13 जुलाई, 2022 को NCC, NSS, Rovers & Rangers इकाईओं द्वारा गुरू पूर्णिमां के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया।
- 05 से 15 अगस्त, 2022 को 'आजादी का अमृत महोत्सव' पर 'हर घर तिरंगा अभियान' के अन्तर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे सेल्फी प्वाइंट, देश भक्ति गीत, कविता पाठ, रंगोली, नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण, प्रभात फेरी, तिरंगा तथा पिनिंग ऑफ़ फ्लैग का आयोजन किया गया।
- 27 अगस्त, 2022 को 'इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब' द्वारा महाविद्यालय में SWEEP Voter Awareness Campaign का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उप–मंडलाधिकारी तथा इलेक्शन कानूनगो पधर ने विद्यार्थियों को मतदान के महत्व एवं वोटर कार्ड बनाने से सम्बंधित जानकारी प्रदान की।
- 05 सितम्बर, 2022 को महाविद्यालय में 'अध्यापक दिवस' मनाया गया। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
- 14 सितम्बर, 2022 को हिन्दी विभाग द्वारा महाविद्यालय में 'हिन्दी दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे– निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण तथा कविता पाठ का आयोजन किया गया।
- 20 अक्तूबर, 2022 को 'स्वच्छता अभियान' के अन्तर्गत महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों एंव विद्यार्थियों ने मिलकर पूरे महाविद्यालय परिसर की सफाई की।
- 31 अक्तूबर, 2022 राज्य सतर्कता एंव भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो शिमला की ओर से राजकीय वल्लभ महाविद्यालय, मण्डी में आयोजित वाद–विवाद प्रतियोगिता में बी०ए० तृतीय वर्ष की छात्रा सोनिया ने द्वितीय स्थान अर्जित किया।
- 26 नम्वबर, 2022 को महाविद्यालय में राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा 'संविधान दिवस' मनाकर विद्यार्थियों को संवैधानिक मूल्यों, कर्तव्यों एवं जिम्मेदारी के प्रति जागरूक किया।
- 29 नम्वबर, 2022 को महाविद्यालय में साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को साइबर अपराध से बचने के लिए जागरूक किया।
- 13 मार्च, 2023 को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र, द्रंग के सौजन्य से महाविद्यालय में जिला स्तरीय मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। उप–मंडलाधिकारी पधर सुरजीत सिंह ने इस पूरे पूर्वाभ्यास का संचालन किया। NDRF टीम द्वारा विद्यार्थियों को प्राकृतिक आपदा जैसे भूकंप से निपटने तथा लोगों की सहायता करने के तरीके बताए।

- 16 मार्च, 2023 को इको क्लब, प्राणी विज्ञान तथा वनस्पति विभाग के विद्यार्थियों ने टुलिप गार्डन, धौलाधार प्राकृतिक उद्यान गोपालपुर, सौरभ वन विहार तथा कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया।

## व्यक्तिगत उपलब्धियाँ :–

### प्रकाशन (**Publication**)

- समाजशास्त्र विभाग के प्रो० डॉ० विनोद कुमार ने विभिन्न विषयों जैसे– हिमाचल प्रदेश में ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण में स्वयं सहायता समूह का प्रभाव, महिला हिंसा और लैंगिक न्यायः एक मानवाधिकार परिप्रेक्ष्य, भारत में कौशल विकास की समस्याएं और चुनौतियाँ, कौशल विकास के माध्यम से भारतीय समाज में आर्थिक विकास के लिए मेक इन इंडिया की आवश्यकता, हिमाचल प्रदेश में आपदा प्रबंधन प्रणाली तथा हिमाचल में बाढ़ 2000 और 2005 का केस स्टडी पर विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय जर्नल्स में शोध लेखों का प्रकाशन किया।
- अंग्रेजी विभाग की प्रो० आशा कुमारी ने विभिन्न विषयों पर शोध पत्र जैसे – 'Migration: A Leitmotif in Amitav Ghosh's The Glass Palace' को Amitav Ghosh's: A Critical Spectrum पुस्तक में तथा 'Rudali: Subaltern Women's Struggle for Survival' को डॉ० विनोद चोपड़ा की 'English Literature: Major Trends, Themes & Styles' नामक पुस्तक में प्रकाशित किया।
- वाणिज्य विभाग की प्रो० नीलम ने जून, 2022 में डिजिटल इंडिया पर एडवांस एंड इनोवेटिव रिसर्च के अंतर्राष्ट्रीय जर्नल में भारतीय शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं द्वारा 'सतत विकास लक्ष्य के लिए एक रोड मैप' नामक विषय पर शोध लेख प्रकाशित किया।
- भौतिक विज्ञान विभाग की प्रो० निशा वैद्य ने 'डिजिटल इंडिया– समस्याएं और संभावनाएं' नामक विषय पर नेशनल जर्नल ऑफ़ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट में शोध लेख प्रकाशित किया।
- वनस्पति विभाग की प्रो० डॉ दीपाली अशोक ने नवम्बर, 2022 को 'Ethnic uses of plants belonging to family Solanaceae and Convolvulaceae in District Bilaspur, Himachal Pradesh' नामक विषय पर अन्तर्राष्ट्रीय जर्नल में शोध लेख प्रकाशित किया।

### प्रेरण/अभिविन्यास (**Induction/Orientation**)

- अर्थशास्त्र विभाग के प्रो० डा० देस राज ने शिक्षण अधिगम केंद्र रामानुजन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित चार साप्ताहिक अभिविन्यास कार्यक्रम को 21 दिसम्बर, 2022 से 19 जनवरी, 2023 तक पूरा किया।

- राजनीति शास्त्र विभाग के प्रो० चन्द्र पाल तथा इतिहास विभाग के प्रो० सुरेश कुमार ने शिक्षण अधिगम केंद्र रामानुजन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित चार साप्ताहिक अभिविन्यास कार्यक्रम को 20 सितम्बर से 19 अक्तूबर, 2022 तक पूरा किया।

### सम्मेलन/शोध पत्र प्रस्तुति (**Conference/Research Paper Presentation**)

- गणित विभाग की प्रो० डा० आशा सिंह ने दिसम्बर, 2022 को हिमाचल प्रदेश गणित परिषद द्वारा आयोजित '2nd International Conference on Recent Trends in Mathematics Sciences (ICRTMS-2022)' दो दिवसीय सम्मेलन में 'Unsteady Heat and Mass Transfer on MHD Flow with g-fitter force and Soret Effect' नामक विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

- वाणिज्य विभाग की प्रो० नीलम ने 23 दिसम्बर, 2022 को राजकीय महाविद्यालय बासा (गोहर) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में 'स्टार्टअप इण्डिया के मुददों और चुनौतियों पर एक अध्ययन' नामक विषय पर प्रतिभा स्पंदन सोसाइटी शिमला के सहयोग से शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- भौतिक विज्ञान विभाग की प्रो० निशा वैद्य ने 23 दिसम्बर, 2022 को राजकीय महाविद्यालय बासा (गोहर) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में 'डिजिटल इण्डिया –समस्याएं और संभावनाएं' नामक विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

- समाजशास्त्र विभाग के प्रो० डा० विनोद कुमार ने 23 दिसम्बर, 2022 को राजकीय महाविद्यालय बासा (गोहर) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में 'आपदा न्यूनीकरण में मीडिया की भूमिका' नामक विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

- वनस्पति विभाग की प्रो० दीपाली अशोक ने जीव विज्ञान विभाग, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा 'Role of Science and Technology in Environmental Conservation and Sustainable Development' नामक विषय पर आयोजित दो दिवसीय (23–24 सितम्बर, 2022) राष्ट्रीय सम्मेलन में 'Studies on Antibacterial, Antioxidant Activities and Phytochemical Constituents of *Agaricus bisporus*' विषय पर पोस्टर प्रस्तुत किया। इसके साथ ही इन्होने 29–30 अक्तूबर, 2022 को रूपी–सिराज कला मंच साधना स्थली, कुल्लू द्वारा आयोजित बहु–विषयक अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 'Biodegradation of Environmental Pollutants by Some Interesting Wood Rotting Fungi: Involvement in the Lignin and Cellulose Degradation System' तथा 23 दिसम्बर, 2022 को राजकीय महाविद्यालय बासा (गोहर) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में 'Modern Science and Ancient Spiritual Values: Do they contradict or compliment each other' नामक विषयों पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

- रसायन विज्ञान विभाग की प्रो० डा. पूनम चौधरी ने नवम्बर, 2022 को सरदार पटेल विश्वविद्यालय मण्डी द्वारा आयोजित दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 'Temperature Dependent Aggregation Behavior and Interface Activity of Cationic Surfactants in Aqueous Solution of Antibiotic Drug' (Amikacin Sulphate) तथा 23 दिसम्बर, 2022 को राजकीय महाविद्यालय बासा (गोहर) द्वारा आयोजितराष्ट्रीय सम्मेलन में 'Role of Technology in our Education System' नामक विषयों पर शोध पत्र प्रस्तुत किये।

## संकाय विकास कार्यक्रम (FDP/Refresher Course)

- अंग्रेजी विभाग की प्रो० आशा कुमारी ने 04 सितम्बर से 18 सितम्बर, 2022 तक शिक्षण अधिगम केंद्र रामानुजन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'पर्यावरण विज्ञान' विषय पर पन्द्रह दिवसीय पुनश्चर्या पाठ्यक्रम को पूरा किया। इसके साथ ही इन्होने दिसम्बर, 2022 में इन्दिरा गान्धी मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विश्वविद्यालय और कॉलेज शिक्षकों के लिए NEP-2022 के कार्यान्वयन पर व्यावसायिक विकास कार्यक्रम में भाग लिया।
- गणित विभाग की प्रो० डा० आशा सिंह ने 26 जुलाई से 8 अगस्त, 2022 तक शिक्षण अधिगम केंद्र रामानुजन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'अंनुप्रयुक्त गणित विज्ञान' विषय पर पन्द्रह दिवसीय पुनश्चर्या पाठ्यक्रम को पूरा किया।
- भौतिक विज्ञान विभाग की प्रो० निशा वैद्य तथा वाणिज्य विभाग की प्रो० नीलम ने दिसम्बर, 2022 में इन्दिरा गान्धी मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'विश्वविद्यालय और कॉलेज शिक्षकों के लिए NEP-2022' के कार्यान्वयन पर व्यावसायिक विकास कार्यक्रम में भाग लिया।

- प्राणी विज्ञान विभाग के प्रो० हुकम चन्द ने शिक्षण अधिगम केंद्र रामानुजन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'प्राणी विज्ञान' (15 अप्रैल से 9 मई, 2022) तथा 'Managing Online Classes and Co-Creating MOOCS -18.0' (7 सितम्बर से 21 सितम्बर, 2022) नामक विषयों पर पन्द्रह दिवसीय पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों को पूरा किया।
- वनस्पति विभाग की प्रो० दीपाली अशोक ने शिक्षण अधिगम केंद्र रामानुजन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'Managing Online Classes and Co-creating MOOCS -17.0' (7 अगस्त से 21 अगस्त, 2022) तथा 'वनस्पति विज्ञान' (18 फरवरी से 04 मार्च, 2023) नामक विषयों पर पन्द्रह दिवसीय पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों को पूरा किया।
- हिन्दी विभाग की प्रो० अनिता कुमारी ने 07 मई से 21 मई, 2022 तक शिक्षण अधिगम केंद्र रामानुजन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'Managing Online Classes and Co-creating MOOCS-14.0' विषय पर पन्द्रह दिवसीय पुनश्चर्या पाठ्यक्रम को पूरा किया।
- समाजशास्त्र विभाग के प्रो० डा० विनोद कुमार ने 07 सितम्बर से 21 सितम्बर, 2022 तक शिक्षण अधिगम केंद्र रामानुजन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'Managing Online Classes and Co-creating MOOCS -18.0' विषय पर पन्द्रह दिवसीय पुनश्चर्या पाठ्यक्रम को पूरा किया। इसके साथ ही इन्होने दिसम्बर, 2022 में इन्दिरा गान्धी मुक्त 'विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विश्वविद्यालय और कॉलेज शिक्षकों के लिए NEP-2022' के कार्यान्वयन पर व्यावसायिक विकास कार्यक्रम में भाग लिया।

## महाविद्यालय की समस्याएं व अपेक्षाएंः–

महोदय,

मैं आपका ध्यान महाविद्यालय की कुछ गंभीर समस्याओं की ओर आकृष्ट करना चाहूँगी।

- कुछ वर्ष पूर्व उच्च शिक्षा विभाग द्वारा महाविद्यालय को बास्केटबॉल के पोल उपलब्ध करवाए गए थे। अतः आपसे अनुरोध है कि बास्केटबॉल कोर्ट के निर्माण हेतु धन राशी प्रदान की जाए।
- महाविद्यालय के प्रांगण में सीढियों का विस्तार किया जाए और लोहे के बेन्च की संख्या को बढ़ाया जाए ताकि विद्यार्थियों को बैठने के लिए उचित सुविधा मिल सके।
- महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षक का पद सृजित किया जाए और तबला वादक का पद जल्द भरा जाए।
- महाविद्यालय परिसर तथा आवासीय परिसर में सोलर पैनल वाली स्ट्रीट लाइट्स उपलब्ध करवाई जाए।
- विद्यार्थियों के आने–जाने की सुविधा हेतु बस सेवाओं को बढ़ा दिया जाए।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप उपरोक्त समस्यायों का शीघ्र समाधान कर हमें कृतार्थ करेंगे।

मान्यवर,

सत्र 2022–23 के अपने इस वार्षिक प्रतिवेदन के माध्यम से मैंने इस महाविद्यालय की जिन उपलब्धियों की चर्चा की है उन्हें साकार रूप देने का श्रेय महाविद्यालय के योग्य प्राध्यापक वर्ग, कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारी वर्ग तथा अनुशासित विद्यार्थियों को जाता है। मैं इन सभी के प्रति आभार प्रकट करती हूँ।

महाविद्यालय के चहुंमुखी विकास के लिए समय—समय पर जो सहयोग, स्थानीय उपमंडलाधिकारी (नागरिक), पुलिस विभाग, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, सिंचाई एवं जल शक्ति विभाग, चिकित्सा विभाग तथा पत्रकार बंधुओं ने दिया है इन सभी के प्रति मैं आभार व्यक्त करती हूँ। आशा करती हूँ कि आगे भी इनका सहयोग मिलता रहेगा।

माननीय, ठाकुर कौल सिंह जी के हम विशेष रूप से आभारी हैं जिन्होंने इस वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होने हेतु सहमती प्रदान की। इसके लिए हम आपके अत्यन्त आभारी हैं।

यहाँ पधारे प्रमुख नागरिकों एवं अतिथियों का हार्दिक धन्यवाद। आपके पधारने से इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ी है। पुरस्कृत विद्यार्थियों को पुरस्कार प्राप्ति के लिए बधाई। जिन्हें पुरस्कार नहीं मिल पाए हैं, उनके लिए भविष्य में प्रयत्नशील रहने के लिए कामना करती हूँ। हमें आशा है कि आप अपनी मंजिल अवश्य पाएंगे और देश, समाज तथा समस्त मानव जाति कल्याण के लिए प्रयत्नशील रहेंगे।

**धन्यवाद!**

**जय हिन्द! जय हिमाचल!**